# करेंसी नोटों का वास्तुशास्त्र भी जान लें ताकि धन-दौलत आपकी हमेशा बढ़ती रहे



करेंसी नोट के साथ कभी भी कोर्ट-कचहरी, वाद-विवाद, बीमारी आदि के कागजात नहीं रखने चाहिए। ऐसा करने से जमा की गई पूंजी का व्यय षुभ कार्य की अपेक्षा वाद-विवाद निपटाने या इलाज कराने में ही हो जाता है। आइए, विस्तार से जानते हैं वास्तुशास्त्र में धन-दौलत बढ़ाने के क्या नियम हैं।वास्तुशास्त्र में जिस प्रकार कोर्ट-कचहरी की फाइलें या विवाद के कागजात रखने का विचार किया जाता है, ठीक उसी प्रकार नए-पुराने करेंसी नोटों के इस्तेमाल व बैंक में खाता खोलने के ज्योतिष-वास्तु के कुछ विशेष नियमों को ध्यान में रखने से धन-वृद्धि होती है। नए नोट अथवा प्राप्त धन को बढ़ाने के लिए वास्तुशास्त्र के अनुसार उसे घर लाकर उत्तर दिशा में रखना चाहिए क्योंकि उत्तर दिषा का स्वामी कुबेर है। कुबेर जी देवताओं के खजांची हैं, इनकी कृपा से आपको कोष कभी भी खाली नहीं रहेगा। धन वृद्धि के लिए जब भी आपको नए नोट प्राप्त हों, तो उन्हें उत्तर दिशा की ओर बनी अलमारी अथवा तिजोरी में कुबेर यंत्र के साथ रख कर प्रार्थना करनी चाहिए कि दिन-प्रतिदिन धन-समृद्धि में वृद्धि हो। सही दिशा में की गई मेहनज एवं सच्चे मन से की गई प्रार्थना धन वृद्धि के आयामों में वृद्धि करती है।

नोटों पर न ही लिखें, न ही गिनने के लिए थूक का प्रयोग करें - जब भी आप रूपए गिनें तो उसमें कभी भी थूक न लगाएं। अक्सर ऐसा देखा गया है कि लोग रूपए गिनने में उंगली पर थूक लगाकर रूपए गिनते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इससे मां लक्ष्मी का अपमान होता है, धन की कमी निरन्तर बनी रहती है। बार-बार नोटों पर थूक लगाने से भी नोटों पर लगे कीटाणु हाथों के माध्यम से शरीर के अन्दर जाकर नुकसान पहुंचाते हैं। वास्तुषास्त्र की मानें तो नोटों अथवा पर्स को पैंट की पिछली जेब में नहीं रखना चाहिए, ऐसा करने से धन का अपमान होता है।

करेंसी नोट अथवा रूपए-पैसों को गद्दों के नीचे रखकर उन पर नहीं सोना चाहिए। रविवार एवं मंगलवार को, संक्रांति के दिन, वृद्धि योग में, हस्त नक्षत्र में बैंक आदि से कर्ज नहीं लेना चाहिए। इन मुहूर्तों में ऋण (कर्ज) लेने वाला व्यक्ति सदैव ऋणी रहता है। वैसे तो कर्ज कभी नहीं लेना चाहिए लेकिन अगर मजबूरीवश लेना ही पड़े तो कोशिश करें कि कर्ज बुधवार को ही लें। यदि आप जल्दी से जल्दी कर्ज के बोझ से छुटकारा चाहते हैं तो कोषिष करें कि कर्ज का पैसा मंगलवार को ही लौटाएं।

# 2025 में बिजनेस में होगी दिन दोगुनी रात चौगुनी तरक्की, सकारात्मक ऊर्जा के लिए इन 5 विशेष ज्योतिष उपायों को आजमाएं

वास्तु शास्त्र के अनुसार नकारात्मक ऊर्जा व्यापार में बाधा डाल सकती है। इससे मेहनत करने के बाद भी कारोबार में हानि होने लग जाती है, इसलिए, नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने के लिए कुछ खास ज्योतिष उपाय करने चाहिए। बिजनेस को शुरू करने से ज्यादा उसे मजबूती से खड़ा रखने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ती है, लेकिन कभी-कभी ऐसा होता है कि बहुत मेहनत करने के बाद भी बिजनेस को किसी की नजर लग जाती है और नुकसान होना शुरू हो जाता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार कभी-कभी बिजनेस को नकारात्मक ऊर्जा घेर लेती है जिससे कि बिजनेस में लॉस होना शुरू हो जाता है। ऐसे में बहुत जरूरी है कि कुछ विशेष उपायों द्वारा नकारात्मक ऊर्जा को हटाया जाए। आइए, जानते हैं बिजनेस में लाभ पाने के विशेष ज्योतिष उपाय।



## बिजनेस में तरक्की के लिए कमलगट्टे से करें यह उपाय

व्यापार में वृद्धि के लिए एक सरल उपाय बताया गया है। सात कौड़ी, सात कमलगट्टे और सात गोमती चक्र लें। इन्हें एक लाल कपड़े में बांध लें। इस पोटली को अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान में रखें। ऐसा करने से व्यापार में लाभ की संभावना बढ़ जाती है।

## सुबह उठकर अपनी हथेली को देखकर करें ये जाप

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार हथेलियों में देवी-देवताओं का वास होता है। आपकी अंगुलियों में माँ लक्ष्मी, हथेली के बीच में मां सरस्वती और हथेली के नीचे वाले हिस्से में भगवान गणेश रहते हैं। इसलिए अपनी हथेली देखने से हमें तीनों देवी-देवताओं के दर्शन होते हैं। सुबह उठकर सबसे पहले अपनी हथेली को देखकर इस मंत्र का जाप करना चाहिए।

कराग्रे वसते लक्ष्मी-करमध्ये सरस्वती।
कर मूले स्थितो ब्रह्मा प्रभाते कर दर्शनम्॥

## बिजनेस में तरक्की पाने के लिए केसर से करें विशेष उपाय

व्यापार में सफलता पाने का एक अचूक उपाय जानें। कच्चे सूत को केसर के घोल में भिगोएं। इसे अपने कार्यस्थल पर बांध दें। यह सरल क्रिया आपके व्यापार को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती है। इस उपाय को आजमाकर देखें और अपने व्यापार में वृद्धि का अनुभव करें। कार्यस्थल पर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

## बिजनेस में तरक्की के लिए पक्षियों और मछलियों को खिलाएं दाना

बुधवार और शुक्रवार को मछलियों को आटे की गोलियां और पक्षियों को दाना डालें। ऐसा करने से कर्ज से मुक्ति मिलेगी। साथ ही व्यापार में भी बढ़ोतरी होगी। यह उपाय आर्थिक स्थिति सुधारने में मदद करेगा। 2 महीने तक इस उपाय को जरूर करें।

## शाम के समय बिजनेस वाली जगह पर झाड़ू न लगाएं, दीया जलाएं

शाम के समय झाड़ू लगाना भी मना है। ऐसा करने से लक्ष्मी नाराज हो जाती हैं। घर में धन की हानि होती है। ऐसे में बहुत जरूरी है कि आप अपने ऑफिस में शाम के समय झाड़ू न लगाएं। लक्ष्मी की कृपा प्राप्त करने के लिए शाम के समय बिजनेस वाली जगह या ऑफिस में दीया जलाकर रखें।

# क्या कहते आपके सितारे





**मेष**

मेष- आज का दिन आपके लिए किसी बड़े लक्ष्य की पूर्ति के लिए रहेगा। आपको कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा। आप अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलेंगे, तो आपके काम आसानी से पूरे होते चले जाएंगे। कार्यक्षेत्र में आप अपने गुस्से पर नियंत्रण रखें, नहीं तो इससे स्थिति बेकाबू हो सकती है। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोग किसी अच्छी स्कीम में इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं।




**वृषभ**

वृषभ- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको कुछ निवेश संबंधी मामलों में पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। भाई व बहनों से यदि किसी बात को लेकर खटपट चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपने यदि किसी से कोई वादा किया था, तो उसे पूरा करने कि आप कोशिश करेंगे। आपके कामों को लेकर भागदौड़ अधिक रहेगी।




**मिथुन**

मिथुन- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। किसी सामाजिक कार्यक्रम से आपको जुड़ने का मौका मिलेगा। जीवनसाथी को कार्यक्षेत्र में कोई समस्या हो सकती है, जिसके लिए आप किसी काम की शुरुआत भी कर सकते हैं। आपको धन को लेकर किसी पर भरोसा करने से बचना होगा, नहीं तो वह आपके उसे भरोसे को तोड़ सकता है। आपका कोई पुरानी बीमारी उभरने की संभावना है।




**कर्क**

कर्क- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपकी धार्मिक कार्यों में खूब रुचि रहेगी। आपकी संतान को किसी नौकरी के मिलने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आप अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाएं, क्योंकि आप इधर-उधर के कामों में लगकर अपना काफी समय बर्बाद करेंगे। कोई कानूनी मामला यदि लंबे समय से विवादित चल रहा था, तो उसमें आपको जीत मिलेगी।




**सिंह**

सिंह- आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको योग्यता अनुसार काम मिलेगा। आपके परिवार में किसी सदस्य के करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़ सकता है। यदि परिवार में कोई वाद- विवाद की स्थिति उत्पन्न हो, तो आप उसे शांत रहकर सुलझाने की कोशिश करें। आपके पारिवारिक रिश्तों में खटास आ सकती है। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से यदि आप धन उधार लेंगे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा।




**कन्या**

कन्या- आज का दिन आपके लिए मेहनत और लगन से काम करने के लिए रहेगा। आध्यात्म के क्षेत्रों में आप आगे बढ़ेंगे। यदि कोई समस्या लंबे समय से आपको परेशान कर रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपकी मेहनत रंग लाएगी। आपको जल्दबाजी के कारण किसी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।




**तुला**

तुला- आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। आपकी कामों में सक्रियता बढ़ेगी। आपके मन में यदि किसी काम को लेकर कोई समस्या थी, तो वह भी दूर होगी। बच्चों के प्रति आपको थोड़ा ध्यान देना होगा, क्योंकि उनके स्वभाव में चिडचिडाहट पढ़ाई में समस्या आने की वजह से हो सकता है। आपको बिजनेस के कामों को लेकर किसी यात्रा पर जा सकते हैं, जो आपके लिए लाभदायक रहेगी।




**वृश्चिक**

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपने किसी काम को लेकर यदि कोई उम्मीद लगा रखी थी, तो वह पूरी होगी। कार्यक्षेत्र में आप खुद को साबित करने के चक्कर में काफी समय बर्बाद कर सकते हैं। आपको किसी काम को लेकर बेवजह लापरवाही करने से बचना होगा। प्रॉपर्टी में इन्वेस्टमेंट करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आपको बड़े सदस्यों से काम को लेकर कोई सलाह लेनी पड़ सकती है।




**धनु**

धनु- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपके अनुभवों का कार्यक्षेत्र में आपको लाभ मिलेगा। आपको अपना एक उद्देश्य पकड़कर रखना होगा, जिससे आप काम को करने में काफी हद तक आगे रहेंगे। आप कुछ बेहतर करने की कोशिश में लगे रहेंगे, जिस कारण आप अपने कामों में भी कुछ बदलाव कर सकते हैं। आप किसी बात को लेकर बेवजह क्रोध में आएं, नहीं तो आपकी वह आदत परिवार के सदस्यों को पसंद नहीं आएगी।




**मकर**

मकर- आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। आप किसी प्रॉपर्टी को खरीदने या बेचने की योजना बना सकते हैं। आप कामों को लेकर अधिक व्यस्त रहेंगे, जिससे आप अपनी संतान पर पूरी निगरानी बनाकर रखें, क्योंकि वह किसी गलत दिशा में आगे बढ़ सकती हैं। पार्टनरशिप में यदि आपने कोई काम किया है, तो उसमें आपके पार्टनर पर आपको भरोसा नहीं करना है।




**कुंभ**

कुंभ- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। यदि आपको काम को लेकर कोई समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। बिजनेस में किसी डील को लेकर यदि आप परेशान थे, तो उससे भी आपको छुटकारा मिलेगा। आपके आर्थिक प्रयास बेहतर रहेंगे। आपका अपने किसी परिजन से किसी बात को लेकर मन मनमुटाव हो सकता है, इसलिए आप कोई बात सोच समझकर बोले। नौकरी में कार्यरत लोगों को मनपसंद काम मिलने से उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।




**मीन**

मीन- आज का दिन आपके लिए अपने दिनचर्या को बेहतर बनाए रखने के लिए रहेगा। आप अपने जीवनसाथी के लिए कोई फैसला बहुत ही सोच समझकर ले। आपकी सकारात्मक सोच का आप कार्यक्षेत्र में लाभ उठाएंगे। आपको कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा। आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। मित्रों से यदि किसी बात को लेकर कोई खटपट चल रही थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है। परिवार में सभी सदस्य एकजुट नजर आएंगे, जिससे आपका मन खुश रहेगा।

# सौभाग्य जगाने के लिए आसान कल्याणकारी उपाय, चमकेगी किस्मत

**यदि आप अपने जीवन में मान सम्मान, सौभाग्य और पद प्रतिष्ठा आदि का लाभ चाहते हैं तो वास्तु शास्त्र में कुछ आसान उपाय बताए गए हैं। साथ ही आपको अपने पूजा पाठ का भी पूरा फल मिलने लगेगा। आइए जानते हैं सौभाग्य की वृद्धि करने के लिए जानते हैं आसान उपाय।**



आप कोई भी शुभ कार्य करने जा रहे हों तो सबसे पहले श्री गणेश जी का ध्यान अवश्य करें ताकि वह कार्य बिना किसी विघ्न बाधा के सम्पन्न हो सके।

ओम, ब्रह्मा, विष्णु और महेश का प्रतीक है। इसके बिना कोई भी मंत्र पूर्ण नहीं होता। इसे मुख्य द्वार के ऊपरी चौखट पर लगायें। ओम् का चिन्ह लगाने या लिखने से घर में बुरी आत्माएं प्रवेश नहीं करती तथा विघ्न-बाधाएं दूर रहती हैं।

अपनी पूजा करने की सामग्री, जप माला, पूजा करते समय बैठने का आसन आदि किसी भी बाहरी व्यक्ति को नहीं देना चाहिए। ऐसा करने से पूजा द्वारा अर्जित पुण्य का क्षय हो जाता है।

अपने भोजन में से थोड़ा हिस्सा गाय, पक्षी, जीव-जंतु आदि के लिए निकालकर रखने से धन-धान्य में वृद्धि होती है तथा दुर्घटना आदि से बचाव होता है।

नवजात शिशु को नज़र दोष से बचाने के लिए माताओं को चाहिए कि वह अपने शिशु को जब भी स्तनपान करायें तो अपने आंचल में छुपाकर ही कराएं। अगर छोटे बच्चे को बोतल से दूध पिलाते हैं तो वह भी ढककर पिलाना चाहिए। ऐसा करने से बच्चा नज़र से बचेगा, स्वस्थ और निरोगी भी रहेगा।

शयनकक्ष में पति-पत्नी के अलग-अलग फोटो होने से आपस में झगड़ा होता है, इसलिए सदैव अपना संयुक्त फोटो लगाऐं।

गृह प्रवेश करने से पहले घर में तुलसी का पौधा, अपने इष्ट देवता की मूर्ति-तस्वीर, पानी से भरा कलश एवं गाय को प्रवेश कराना अति शुभकारी होता है। इससे घर में सुख शांति आती है और संपन्नता बढ़ती है।

घर में सुख शांति के लिए अशोक वृक्ष के सात पत्ते मंदिर में रख कर पूजा करें। जब वे मुरझाने लगें, तो नए पत्ते रख दें और पुराने पत्तों को पीपल के नीचे रख आएं।

घर या ऑफिस के मुख्य द्वार के सामने ऊपर या नीचे जाती हुई सीढ़ियां होना अशुभ होता है, अतः ऐसी स्थिति में मुख्यद्वार के बाहर 5 छड़ वाली विंड चाईम्स लटकाकर सकारात्मक ऊर्जा में वृद्धि कर इस दोष को कम किया जा सकता है।

घर में उगते हुए सूरज, बहते हुए झरने तथा दौड़ते हुए घोड़ों की तस्वीर लगाना शुभ फल प्रदान करता है।

प्रातःकाल नहा-धोकर, शुद्ध होकर, तुलसी के पौधे की परिक्रमा करने से शरीर के रोग दूर होते हैं तथा सुबह-शाम तुलसी के पौधे के समक्ष घी का दीपक जलाने से सुख-समृद्धि व नेत्र-ज्योति बढ़ती है।

गुड़हल का पेड़ घर में अवश्य लगाना चाहिए। इसे लगाने से धर्म विषयक कार्यों में सिद्धि तथा मान- सम्मान का लाभ मिलता है। प्रवेश द्वार के दोनों तरफ तुलसी, बिल्वपत्र अथवा अशोक के पौधे लगाने से वास्तुदोष निवारण में सहायता मिलती है।

सुखी दाम्पत्य जीवन के लिए शयनकक्ष में मोरपंख रखें। मोरपंख इस प्रकार रखें कि पलंग पर लेटने की स्थिति में मोर पंख दिखाई देता रहे।

आपकी तिजोरी में धन की कभी कमी न हो, इसके लिए पुष्य नक्षत्र में शंखपुष्पी की जड़ चांदी की डिब्बी में रखकर तिजोरी में रखें। पूजा-पाठ, जप-तप का पूर्ण फल प्राप्त करने हेतु सदैव शाकाहारी वस्तुओं का ही सेवन करें और मांस- मच्छी का त्याग करें।

घर में पूजा का स्थान हमेशा ईशान कोण (उत्तर-पूर्व दिशा) में होना चाहिए परन्तु यदि यह सम्भव नहीं हो तो उत्तर पूर्व कोने (ईशान कोण) पर एक तुलसी का पौधा गमले में लगाकर नित्य जल चढ़ाएं।